प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

30.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

लोकसभा चुनाव

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई है। दोनों प्रमुख दल भाजपा व कांग्रेस ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया हैं। विभिन्न चुनावी रैलियों, नुक्कड़ सभाओं व जनसम्पर्क अभियान के जरिये नेता अपनी अपनी पार्टी के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं और आरोप–प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर कांग्रेस पार्टी लोगों को बांट रही है। उन्होंने कल हमीरपुर और भोरंज विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को आगे बढ़ाने की कई योजनाएं जो देश भर में कहीं नहीं चलती वो आज हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में सफलतापूर्वक चल रही है। वहीं मंडी लोकसभा क्षेत्र के पांगी में भाजपा के विधायक जनक राज और कार्यकर्त्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के कार्यकर्त्ताओं में भारी उत्साह है और हिमाचल की चारों लोकसभा सीटों में जीत हासिल करेंगे। इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज हमीरपुर जिला के नादौन में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

स्वीप कार्यक्रम

प्रदेश में लोकसभा चुनाव व 6 विधानसभा सीटों पर होने वाले उप–चुनाव में मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के जरिये मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शिमला में स्वीप गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान अध्यापकों व विद्यार्थियों को मताधिकार के बारे में जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त चुनाव आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं और दिव्यांगों के लिए घर से मतदान करने की सुविधा के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इधर लाहौल स्पीति ज़िले में भी विपरित परिस्थितियों व बर्फबारी के बीच स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी राहुल कुमार ने युवा मतदाताओं से लोकतंत्र के पर्व में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की गई। उन्होंने सभी युवाओं से 4 मई तक मतदाता पंजीकरण करने का आहवान भी किया। उधर चंबा मुख्यालय में साईकल रैली का आयोजन किया गया। जिसके जरिये मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इसी तरह प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार निर्वाचन विभाग द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

युवा मोर्चा

प्रदेश में लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा युवा मोर्चा मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां को लेकर जनता के बीच में जाएगा। युवा मोर्चा ने इसके लिए पत्रक वितरण अभियान

की शुरुआत कर दी है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज ने शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व कार्य हुए है। उन्होंने कहा कि 10 साल के कामों को युवा मोर्चा पत्रक के माध्यम से प्रदेश के शिक्षण संस्थानों, बस अड्डों, बाजारों सहित मंडल और बूथ स्तर पर घर घर जाकर लोगों तक पहुंचाएंगे।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा–यूजीसी नेट अब 18 जून को होगी। पहले यह परीक्षा 16 जून को आयोजित होनी थी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उम्मीदवारों की प्रतिक्रिया के बाद यह फैसला लिया है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मौसम आमतौर पर साफ बना हुआ है। बीते दिनों प्रदेश के अधिक उंचाई वाले इलाकों में हिमपात जबकि अन्य क्षेत्रों में वर्षा व ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लाहौल स्पीति जिले में बीती रात तक भारी बर्फबारी होने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। बर्फबारी से मनाली लेह राजमार्ग दारचा से आगे बारालाचा व सरचू के बीच अवरूद्ध होने से वाहनों की आवाजाही बंद है। वहीं बर्फबारी से अटल टनल व धुंधी पर फंसे लगभग 6 हजार पर्यटकों को रात भर चले रेस्क्यू अभियान के तहत सुरक्षित निकाल लिया गया है। इस बर्फबारी से घाटी में भू–स्खलन का खतरा बढ़ गया है और सिस्सू के पास भू–स्खलन के कारण मार्ग अवरूद्ध है और यातायात को वाया तेलिंग होकर चलाया जा रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान अधिक उंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात जबकि अन्य क्षेत्रों में वर्षा की संभावना जताई है।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज सभी समाचार पत्रों ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं की परीक्षा के परिणाम को सचित्र प्रकाशित किया है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **बेटियों की बादशाहत कायम, इस बार सरकारी स्कूल पिछड़े। पंजाब केसरी** का शीर्षक है **हर संकाय में लड़कियां टॉपर, टॉप–10 में 41 बच्चे जिनमें 30 छात्राएं। हिमाचल दस्तक** का कहना है **बेटियों ने की बल्ले–बल्ले–12वीं के रिजल्ट में तीनों संकायों में बनीं टॉपर। दिव्य हिमाचल** ने लिखा है **12वीं में 73 दशमलव सात छह फीसदी पास, बेटियों का डंका। दैनिक जागरण** का कहना है **जमा दो के परिणाम में फिर अर्श पर बेटियां। दैनिक भास्कर** की सुर्खी है **साइंस में कामाक्षी और छाया आर्टस में अर्शिता, कॉमर्स में शव्या स्टेट टॉपर। आपका फैसला** का शीर्षक है **12वीं का परिणाम घोषित, मेरिट में बेटियों का दबदबा।**

दैनिक सवेरा टाइम्स ने केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के हवाले से लिखा है **आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर लोगों को बांट रही कांग्रेस।**

स्कूल प्रवक्ताओं की परीक्षा आठ जून से शेडय.ूल जारी शीर्षक से **अमर उजाला** ने लिखा है एच ए एस की प्रारंभिक परीक्षा 30 जून को।